# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व कर विभाग के जोनल अधिकारियों से किया संवाद। कहा–लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्ध साफ छवि के अधिकारियों की ही फील्ड में की जाए तैनाती।
- प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में जनजागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी। कहा–संचारी रोगों की रोकथाम में है अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका।
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के सत्ताइसवें दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा। अट्ठाइस मेधावी विद्यार्थियों को दिया स्वर्ण पदक।
- प्रदेश सरकार धूमधाम से मनाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती। सभी देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से जुड़े स्थलों पर होंगे विविध आयोजन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व बढ़ोत्तरी राज्य की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार है। वह कल लखनऊ में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राजस्व कर विभाग के जोनल अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। राजस्व कर विभाग के कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर काम करने को कहा। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने राजस्व कर विभाग की प्रगति का जायजा लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे स्वयं मार्केट मैपिंग करें, बाजार जाये, व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों और अपेक्षाओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जीएसटी के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म' के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। श्री योगी ने व्यापारियों से संवाद बनाये रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिर्टन फाइल कराने के लिये ठोस प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर गैर जरूरी जांच और छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। समाचार कक्ष से फजल इनाम।**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस' होगा। उन्होंने कहा कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्ध हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो।

**********

कल से प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हो गई। यह इकतीस अक्टूबर तक चलेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से इस अभियान के साथ–साथ ग्यारह अक्टूबर से शुरू हो रहे दस्तक अभियान का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने संचारी रोगों से बचाव और उपचार के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिये एक रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने संचारी रोगों की रोकथाम में अभियान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

***5 अक्टूबर से लेकर जो 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग अभियान है जो मच्छर जनित रोग हैं सामान्यतयः इस सीजन में मच्छरों से जनित रोग तेजी के साथ बढ़ते हैं मच्छरों के प्रकोप की वजह से तो प्रदेश सरकार ने 2017 के बाद से लगातार उ0प्र0 में इस अभियान को वर्ष में तीन बार चला करके मच्छर जनित रोगों पर बड़ी सफलता हासिल करने का काम किया है।***

गोरखपुर में सदर सांसद रवि किशन शुक्ल ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए सामुदायिक सहयोग जरूरी है। अभियान के शुभारम्भ पर बदायूं, अमरोहा, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, बाराबंकी और कुशीनगर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी कल जनजागरूकता रैलियां निकाली गई।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग ने विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि से विधायकों के उपयोग संबंधी लैपटॉप, कम्प्यूटर और टैबलेट खरीदने के लिये निर्धारित धनराशि की सीमा सवा लाख से ढाई लाख कर दी है। इस सम्बन्ध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है और अधिकारियों को इसका पालन सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

**********

प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि राज्य में जल्द ही सहकारिता महाविद्यालय खोला जायेगा। उन्होंने कल लखनऊ में सहकार भारती के प्रांतीय बी–पैक्स सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर यह जानकारी दी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता महाविद्यालय खोले जाने के सिलसिले में शासन स्तर पर प्रक्रिया जारी है। सम्मेलन में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदय जोशी और प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरूण कुमार सिंह भी मौजूद थे।

**********

अयोध्या के आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कल सत्ताइसवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अट्ठाइस मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया और सात सौ पैंतीस विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में माता–पिता का

सर्वाधिक योगदान होता है, इसलिये छात्रों को अपनी डिग्री उन्हें समर्पित करनी चाहिए और जीवन के अंतिम क्षण तक उनकी सेवा जारी रखनी चाहिए।

**********

राज्य सरकार कल पूरे प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनायेगी। इस दौरान सभी देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि यह कार्यक्रम जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर कराये जायें। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी के साथ–साथ जन–सहभागिता भी हो। राज्य सरकार ने महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट जिले के लालापुर में वृहद आयोजन कराने का निर्देश भी दिया है। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कल सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

**********

केन्द्रीय पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग आगामी एक नवम्बर से तीस नवम्बर तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिये राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके लिये विभाग की ओर से जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और बाइस सितंबर से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

***जीएसटी दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से बसोहली चित्रकलाएं अधिक किफायती हो गई हैं जिससे इसकी व्यापक मांग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 7500 रुपये तक के प्रवास के लिए पर्यटन और होटल शुल्कों पर जीएसटी दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जम्मू– कश्मीर में हस्तशिल्प, कृषि उत्पादों, पर्यटन और स्थानीय उत्पादों पर जीएसटी के दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से लागत कम करने और स्थानीय उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है नितिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।***

**********

स्तन कैंसर के प्रति महिलाओं में जागरूकता पैदा करने के लिये कल लखनऊ के गोमतीनगर स्थित दस नब्बे चौराहे पर संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा वॉकथान का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं, डॉक्टरों, अधिकारियों, संभ्रांत नागरिकों और समाज के अन्य वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान के एंडोक्राइन और ब्रेस्ट सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर एक सामान्य कैंसर है। समय पर जांच कराकर इससे होने वाली मौतों को रोका जा सकता है।

***ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है और इसको प्रिवेंट किया जा सकता है और इसकी वजह से होने वाली प्री मेच्योर डेथ्स को सर्टनली प्रिवेंट्स किया जा सकता है। समय–समय पर महीने में एक बार अपनी स्वयं से अपने स्तन की जांच करते जायें साल में एक बार चालीस वर्ष की उम्र के बाद से एक डॉक्टर से जांच करायें और यदि स्तन में कोई गांठ, कोई और सिम्टम हो उसको अनदेखा न करें तुरंत एक सही डॉक्टर से सलाह लें और यदि आवश्यक है तो पूरा इलाज कराएं।***

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते कुछ दिन से रूक–रूक कर हो रही वर्षा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। साथ ही, ठंड के मौसम की दस्तक भी महसूस की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी हैं, जिसके चलते आज भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********